विवरण–1

	अंग्रेजी	हिन्दी	उर्दू	संस्कृत
1988–89 . . .	142	69	20	7
1998–90 . . .	146	96	22	6
1990–91 . . .	188	123	16	19

विवरण—2

	1988–89	1989–90	1990–91
	रु०	रु०	रु०
विक्रय प्राप्ति . .	6,85,09,026	9,39,73,913	11,50,69,506
छपाई व्यय . . .	3,49,06,560	8,81,61,918	8,03,31,200

केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों का पाठ्यक्रम

1542. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कितने केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय हैं ; और

(ख) क्या उनका पाठ्यक्रम एक है ; यदि नहीं, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) इस समय देश में 741 केन्द्रीय विद्यालय तथा 280 नवोदय विद्यालय हैं इसमें हाल ही में संस्वीकृत 19 नवोदय विद्यालय शामिल हैं ।

(ख) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य-विवरण का केन्द्रीय विद्यालयों तथा नवोदय विद्यालयों द्वारा एक समान रूप से अनुसरण किया जाता है ।

युवा कार्यकलापों के लिए निधियां

†**1543. श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में युवा कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिये कितनी धनराशि आवंटित की गई ;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान इसी प्रयोजन के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई ;

(ग) क्या स्कूलों और कालेजों में युवा कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए

कोई सहायता दिए जाने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी) : (क) वर्ष 1988-89, 1989-90 और 1990-91 के दौरान देश में युवा कार्यकलापों के संवर्धन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा क्रमशः 3678.37 लाख रुपये, 3584.00 लाख रुपये और 3869.00 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

(ख) सरकार के बजट में राज्यवार कोई आवंटन नहीं किया जाता है । वास्तविक किए गए व्यय और प्राप्त पृथक कार्यक्रम प्रस्तावों के आधार पर सहायता प्रदान की जाती है ।

(ग) और (घ) 1991-92 वर्ष के दौरान देश में स्कूलों और कालेजों में युवा कार्यकलापों के संवर्धन के लिए निम्नलिखित बजट प्रावधान किया गया है :

	रु०
1. राष्ट्रीय सेवा योजना	10,55,00,000/-
2. स्काउटिंग और गाइडिंग	67,00,000/-
3. साहस का विकास	16,50,000/-
	11,38,50,000/-

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कुछ स्कूलों को स्वायत्तता दिया जाना

1544. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कुछ स्कूलों को शिक्षा के मामले में स्वायत्तता प्रदान की है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या मानदंड अपनाए गए हैं ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप कोई लाभ होने की संभावना है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) पाठ्यक्रम अथवा परीक्षा मूल्यांकन की वर्तमान पद्धति की दृष्टि से नई योजना किस प्रकार भिन्न है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) जी, नहीं । अभी तक केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने किसी भी स्कूल को स्वायत्तता नहीं दी है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

गुजरात के जिलों में समेकित बाल विकास कार्यक्रम (आई.सी.डी.पी.) का क्रियान्वयन

1545. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में राजकोट, अहमदाबाद, सूरत और बड़ोदरा में समेकित बाल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो गत पांच वर्षों के लिए वर्ष-वार वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और उन्हें किस हद तक प्राप्त कर लिया गया है ।

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री को अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी) : (क) जी नहीं । इन जिलों में परियोजनाएं चालू हैं ।